हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 नगर निगम की सख्तीः सीलिंग के डर से बड़े...



07 सादगी से याद किए गए वरिष्ठ पत्रकार कीर्तिशेष...



## बंद पड़ी शुगर मिल पर नपा की कार्रवाई, संपत्ति कर वसूलने दिखाई सख्ती

# फैक्ट्री प्रबंधन पर नपा का दो करोड़ बकाया भेजा नोटिस, रजिस्ट्रार को भी किया अलर्ट

अब बिना बकाया चुकाए नहीं हो सकेगी जमीनों की रजिस्ट्री। सालों पुराना बकाया प्रापर्टी टैक्स जमा करना होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की ऐतिहासिक पहचान रही और पिछले दो दशकों से बंद पड़ी भोपाल शुगर मिल एक बार फिर चर्चाओं में है। इस बार मामला फैक्ट्री की बेशकीमती जमीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। शुगर मिल की जमीनों के विक्रय की लगातार मिल रही खबरों के बीच नगर पालिका प्रशासन ने एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। नगर पालिका ने शुगर मिल प्रबंधन पर करीब 2 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया होने का नोटिस थमाते हुए जिला रजिस्ट्रार कार्यालय को भी इस संबंध में पत्र जारी किया है।

नगर पालिका की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शुगर मिल की संपत्तियों के अनधिकृत या बकाया रहते हुए हस्तांतरण को रोकना है। नपा प्रशासन ने जिला रजिस्ट्रार को भी अलर्ट किया कि शुगर मिल की किसी भी जमीन की रजिस्ट्री तब तक न की जाए, जब तक कि मिल प्रबंधन नगर पालिका से एनओसी प्राप्त न कर ले। चूंकि किसी भी भूमि विक्रय के लिए अंतिम रूप से रजिस्ट्रार कार्यालय ही पहुंचना अनिवार्य होता है, ऐसे में नपा ने सीधे सोर्स पर ही घेराबंदी कर दी है। अब यदि मिल प्रबंधन या कोई अन्य पक्ष जमीन की रजिस्ट्री कराने का प्रयास करता है तो उसे पहले नगर पालिका का वर्षों पुराना बकाया प्रापर्टी टैक्स जमा करना होगा।

### जमीन विक्रय की खबरों ने बढ़ाई हलचल

बता दें पिछले कुछ समय से शहर में यह चर्चा जोरों पर थी कि बंद पड़ी शुगर मिल की बेशकीमती जमीनों को बेचने की तैयारी की जा रही है। जैसे ही यह मामला नगर पालिका के संज्ञान में आया, प्रशासन ने अपनी वित्तीय सुरक्षा और शहर के राजस्व को ध्यान में रखते हुए यह बड़ी कार्रवाई की।



### नवाबों के दौर से बर्बादी तक का सफर

मालूम हो कि सीहोर शुगर फैक्ट्री का इतिहास जितना गौरवशाली रहा है, इसका अंत उतना ही दुखद। इसकी स्थापना 1938-39 के दौरान भोपाल रियासत के तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान के कार्यकाल में हुई थी। यह इकाई कभी मालवा क्षेत्र के औद्योगिक विकास का इंजन मानी जाती थी। इसने सीहोर सहित भोपाल, विदिशा और रायसेन जिले के हजारों किसानों को खुशहाली का रास्ता दिखाया था। इसी फैक्ट्री की बदौलत सीहोर जिला गन्ना उत्पादन का हब बना और किसानों को नगदी फसल का लाभ मिलने लगा।

### साल 2003 में हुआ पतन

बता दें इस फैक्ट्री के पतन की शुरुआत साल 2003 से हुई। वित्तीय अनियमितताओं, भारी आर्थिक घाटे और आंतरिक कुप्रबंधन के कारण वर्ष 2003 में इस फैक्ट्री पर ताला लग गया, तब से लेकर आज तक यह फैक्ट्री खंडहर में तब्दील हो चुकी है।

### मिल की 4365 एकड़ जमीन

बताया जाता है कि शुगर मिल के पास लगभग 4 हजार 365 एकड़ (मुख्य परिसर करीब 1215 एकड़) की भूमि है। एक तरफ जहां इसकी जमीनों को बेचने की कोशिशें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ फैक्ट्री के पूर्व कर्मचारी और मजदूर आज भी दाने-दाने को मोहताज हैं। श्रमिक संगठनों के अनुसार मजदूरों का लगभग 107 करोड़ रुपये का वेतन और अन्य भत्ते आज भी मिल प्रबंधन पर बकाया हैं। मजदूरों का कहना है कि यदि जमीन बिकती भी है तो पहला अधिकार उन श्रमिकों का होना चाहिए जिन्होंने अपना पूरा जीवन इस फैक्ट्री को सींचने में लगा दिया।

### नपा सीएमओ बोले, नोटिस दिया

नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन को प्रापर्टी टैक्स बकाया होने के चलते नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस रजिस्ट्रार कार्यालय को दिया गया, ताकि कोई भी रजिस्ट्री की प्रक्रिया होने से पहले नगर पालिका को टैक्स अदा हो।

## खबर संक्षेप

### राहगीरों के लिए स्थापित की शीतल जल प्याऊ

**सीहोर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम बिलकिसगंज, बमुलिया, दोराहा, बिजलोन, बड़नगर, भंडेली एवं चरनाल में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृक्ष एवं जल स्त्रोतों का पूजन कर जल एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया और ग्रामवासियों को जल और प्रकृति के संरक्षण के प्रेरित किया गया। ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने बताया कि इस अवसर पर ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए राहगीरों के ग्राम भंडेली और बमुलिया में चार स्थानों पर जल मंदिर (प्याऊ) भी स्थापित की गई।

### आग से चार एकड़ गेहूं की फसल हुई राख

**सीहोर।** शहर के शीतल विहार कालोनी के पीछे खेतों की ऊपर से निकली बिजली के तार में अचानक हुए शॉर्ट-सर्किट और निकली चिंगारी से चार एकड़ गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गई। आग की लपटें देख आस-पास के किसानों ने आग को बुझाना शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक किसान आग बुझाते, तब तक खेत से काटकर खलियान में रखा जलकर राख हो गया, फायर ब्रिगेड पहुंची और आग बुझाने में मदद की। घटना में किसान को हजारों का नुकसान हुआ है। किसान ताराचंद्र यादव ने बताया कि शहर के शीतल विहार कालोनी के पीछे हमारे साथी किसान संतोष यादव की हजारों रुपए की गेंहू की फसल शॉर्ट-सर्किट के कारण जलकर खाक हो गई है। इसके अलावा पास में बनी टपरी में रखा सामन भी आग की चपेट में आ गया है।

### न्याय के लिए दर-दर भटकता रहा किसान

**सीहोर।** जिले के नजदीकी ग्राम सेवनिया में जमीन धोखाधड़ी का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां एक ही कृषि भूमि को दो बार बेचने का आरोप है, जिससे एक किसान का परिवार आज न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। पीड़ित पप्पू कौशल का दावा है कि उन्होंने वर्ष 2012 में गांव के ही हनुमंत सिंह से करीब 11 लाख 75 हजार रुपये में जमीन खरीदी थी और तब से लगातार उस पर खेती कर रहे हैं। इसका उसके पास अनुबंध भी है। पीड़ित के अनुसार, विक्रय अनुबंध पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि पूरी राशि मिलने के बाद विक्रेता रजिस्ट्री कराने के लिए बाध्य रहेगा। लेकिन सालों बीतने के बावजूद हनुमंत सिंह हर बार टालमटोल करते रहे। लगभग 14 वर्षों तक किसान भरोसे में जीता रहा, लेकिन अब वही भरोसा उसके लिए मुसीबत बन गया है। न्याय पाने के लिए किसान परिवार दर-दर भटक रहा है।

# 30 रुपए लेन-देन के विवाद में दराते से किया हमला

## नशे में युवक ने किया तांडव



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना क्षेत्र की आदर्श कॉलोनी में 30 रुपये के मामूली लेन-देन ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे आकाश मालवीय सिगरेट लेने बादल मेवाड़ा की दुकान पर पहुंचा था। इसी दौरान पैसों को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि मौके पर मौजूद बादल सिंह और उसका पुत्र कृष्णा मेवाड़ा भी इसमें कूद पड़े। देखते ही देखते कहासुनी धक्का-मुक्की में बदल गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। गुस्से में बेकाबू आकाश मालवीय ने पहले बादल और कृष्णा पर पत्थर से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

इसके बाद मामला शांत होने के बजाय और भड़क गया। आरोप है कि आकाश शराब के नशे में अपने घर गया और वहां से दराता लेकर वापस हॉस्पिटल चौराहे के पास पहुंच गया। हाथ में धारदार हथियार लेकर घूमते आरोपी को देखकर इलाके में दहशत फैल गई और लोग सहम गए। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान स्थिति और बिगड़ गई। आरोपी को काबू करने के प्रयास में राजा खान के अंगूठे में गंभीर चोट लग गई। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों ने आक्रोश में आकर आरोपी के साथ भी मारपीट कर दी, जिससे वह भी घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### पुलिस ने आरोपी को दबोचा केस दर्ज

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश मालवीय को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दराता भी जब्त किया गया। घायल राजा खान को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल आष्टा ले जाया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए उसे सीहोर रेफर कर दिया गया। एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के घायल होने के चलते उसे उपचार के दौरान ही पुलिस हिरासत में रखा गया है।

# खत्म नहीं हो रहा गैस सिलेंडर का संकट मजदूर से लेकर पुलिस तक एक कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिले में रसोई गैस का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि शहर की गैस एजेंसियों पर सुबह से उपभोक्ताओं की कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं।

हालत इतनी विकट है कि क्या मजदूर और क्या पुलिस जवान, हर कोई अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर है। शनिवार को भी शहर की तीनों प्रमुख एजेंसियों पर भारी अफरा तफरी का माहौल देखा गया।बता दें जिला मुख्यालय स्थित मछलीपुल की मेहमूद हुसैन गैस एजेंसी, लीसा टॉकीज के पास स्थित बग्गा एजेंसी और तहसील चौराहा स्थित तत्पर गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से संकट जैसे हालात बने हुए हैं। लोग सुबह होते ही ऑफलाइन नंबर लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। कतारों में खड़े लोगों के हाथों में खाली सिलेंडर और गैस डायरी देखी जा सकती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस नहीं मिलने से भारी परेशानी हो रही है।

कई लोग तो अपना जरूरी काम और मजदूरी छोडक़र सिर्फ इसलिए कतार में लगे हैं ताकि घर का खाना बन सके। दावों और हकीकत में अंतरहैरानी की बात यह है कि एक तरफ जिला प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है।

लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों को पूरी तरह झुठला रही है। यदि आपूर्ति सामान्य है तो फिर एजेंसियों के बाहर यह भीड़ और हाहाकार क्यों? नागरिकों का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के हफ्तों बाद भी सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें खुद एजेंसी तक दौड़ लगानी पड़ रही है।

ईरान-इजराइल युद्ध का असर अब किचन तकवैश्विक स्तर पर चल रहे ईरान-इजराइल युद्ध की तपिश अब सीधे तौर पर मध्यम और गरीब परिवारों की रसोई तक पहुंच गई है। गैस नहीं मिलने से हर आम व्यक्ति परेशान हैं। गैस के संकट ने गृहिणियों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

## सुहागन महिलाओं को सुहाग की सामग्री का किया वितरण

# मरीह माता मंदिर में संस्कार मंच ने गरबा करने वाली कन्याओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर दसवी के पावन अवसर पर यहां पर भजन-कीर्तन के साथ गरबा करने वाली करीब दो दर्जन से अधिक कन्याओं का संस्कार मंच द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा और मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी आदि शामिल थे। मंदिर परिसर में साल भर में आने वाली चार नवरात्रि के पावन अवसर पर माता की साधना और पूजा अर्चना की जाती है।

यहां पर हर नवरात्रि पर माता का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इसके अलावा चैत्र और शरदीय नवरात्रि के मौके पर कन्याओं के द्वारा गरबा की प्रस्तुति दी जाती है। मंच और मंदिर के द्वारा नवमी और दसवी पर सुहागन महिलाओं को सुहाग की सामग्री का वितरण किया गया और वहीं गरबा करने वाली दो दर्जन कन्याओं को चुनरी उड़ाकर सम्मान किया गया। संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि देवी पुराण और अन्य प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, गरबा केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी शक्ति की आराधना और भक्ति का एक शक्तिशाली माध्यम है। नवरात्रि के दौरान किया जाने वाला यह नृत्य आत्म-साक्षात्कार, सृजन और ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जुड़ने का प्रतीक है। सबसे पहले माता के लिए सजाएं गएं उनके पंडालों में आरती-अर्चना के साथ आदिशक्ति मां अंबे और दुर्गा की स्तुति की जाती है। फिर गीतों के माध्यम से मां का आह्वान किया जाता है कि मां हमारे गरबों में पधारों और इस नृत्य साधना के जरिए हमारी पूजा स्वीकार करों। इसके बाद तो पैर ऐसे थिरकते है जैसे मानों मां साक्षात नृत्य की प्रस्तुति दे रही हों। पारंपरिक और रंग-बिरंगे कपड़ों में सजे-धजे बच्चे, युवा, बड़े और बुजुर्ग एक अलग ही अंदाज को प्रस्तुत करते है।

घट स्थापना के बाद इस नृत्य का आरंभ होता है। बड़े-बड़े पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। गरबा नृत्य में ताली, चुटकी, खंजरी, डंडा मंजीरा आदि का ताल देने के लिए प्रयोग किया जाता है। लयबद्ध ताल से देवी दुर्गा को प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

## श्री सत्यसाई प्रौद्योगिकी-मेगा लीगल आउटरीच और अवेयरनेस कैंप लगा

# कुलगुरु डॉ. मुकेश के मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, सीहोर के स्कूल ऑफ लॉ (विधि संकाय) के विद्यार्थियों ने मेगा लीगल आउटरीच एवं अवेयरनेस कैंप में उत्साह, समर्पण और सक्रियता के साथ भाग लेते हुए समाज में विधिक जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया।

यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के तत्वावधान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन से छात्रों को इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। वहीं, स्कूल ऑफ लॉ की डीन डॉ. अमृता सोनी द्वारा विद्यार्थियों को इस प्रकार के सामाजिक एवं विधिक कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु विशेष रूप से प्रेरित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और अधिक मजबूत हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव कुमार(प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) द्वारा की गई। इस अवसर पर हेमंत जोशी (स्पेशल जज), बालगुरु के.(कलेक्टर, सीहोर), पुलिस अधीक्षक सहित अनेक प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।साथ ही, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वपनश्री, जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी सीहोर एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉ. अखलेश शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया।इस अभियान में स्कूल ऑफ लॉ के एचओडी शोभा व्यास का विशेष सहयोग रहा, साथ ही असिस्टेंट प्रोफेसर यशवर्धन तिवारी के मार्गदर्शन में छात्रों—अंकुश बढ़कुर, उत्तरदीप, अनिल मालवीय, अंजली, दिव्या, हरिओम, रुचिता, पलक, मीना प्रसाद, प्रीति, तरुण शर्मा आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए आमजन को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया

।कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एल.एल.बी. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली झावरिया सहित अन्य विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान भी किया गया, जो मानवता और सेवा भाव की एक प्रेरणादायक मिसाल रहा।कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण यह भी रहा कि विधि के फाइनल ईयर के छात्र प्रद्युम्न के अंतर्जातीय विवाह के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया, जो समाज में समानता, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा गया।यह कार्यक्रम न केवल विधिक साक्षरता को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक व्यवहारिक शिक्षण अनुभव भी साबित हुआ। इस पहल ने यह सिद्ध किया कि युवा विधि छात्र समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# महायज्ञ का ध्वजारोहण और यज्ञ शाला का भूमि पूजन हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर मश्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर संत माधव दास महाराज, नमिता अखिलेश राय और पंडित कुणाल व्यास ने आगामी दिनों में होने वाले पंच कुंडी यज्ञ का भूमि पूजन के साथ मंदिर परिसर के समीप विशाल क्षेत्र में ध्वजारोहण किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित कुणाल व्यास ने बताया कि संत माधव दास महाराज श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर के मार्गदर्शन में आगामी दिनों में होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई है। महायज्ञ के लिए शुक्रवार की सुबह नौ बजे शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर में पूर्ण विधि-विधान से ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला का भूमि पूजन का भव्य आयोजन किया गया। यहां पर सुबह से भगवान नरसिंह का विशेष अभिषेक के पश्चात मंदिर परिसर में भगवान शंकर और हनुमान जी की पूजा अर्चना की। पंडित श्री व्यास ने बताया कि शुक्रवार को भूमि पूजन के साथ मंदिर परिसर में ध्वजारोहण का दिव्य अनुष्ठान रामनवमी के पावन अवसर पर किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अनुराग ठाकुर बने ग्रामीण देवास जिलाध्यक्ष



**देवास।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से बेरोजगार प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नेहा पालीवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी द्वारा प्रस्तुत प्रदेश पदाधिकारियों और जिलों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है। अनुमोदन उपरांत बेरोजगार प्रकोष्ठ में उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव एवं विभिन्न जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में ग्रामीण देवास जिला अध्यक्ष पद पर अनुराग ठाकुर को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्तियां संगठन को मजबूत करने एवं युवाओं की आवाज को सशक्त मंच प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं। देवास कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता अनुराग ठाकुर बिलावली को देवास ग्रामीण जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर कांग्रेसजनो व इष्टमित्रों ने बधाई दी है।

### माता टेकरी पर श्रद्धालु का पर्स छीनने वाली चार महिला गिरफ्तार

**देवास।** कोतवाली पुलिस ने माता टेकरी पर हुई श्रद्धालु के साथ हुई लूट में कार्रवाई करते हुए चार महिलाओ को गिरफ्तार कर लिया है।टेकरी पर महिला श्रद्धालु से 25 मार्च शाम को चार महिलाओं ने पर्स छीन लिया था। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे धक्का दिया और बैग से पर्स निकालकर फरार हो गईं। पर्स में नकदी और चांदी के आभूषण रखे थे।घटना के तुरंत बाद फरियादी और परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी महिला को पहचानकर पकड़ लिया। उसके पास से पर्स, नकदी और आभूषण बरामद किए गए।पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित उसकी तीन अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान गायत्री (32), सुलेना (34), मंजु (32) और प्रीति (40) के रूप में हुई है, जो वर्धा और नागपुर क्षेत्र की रहने वाली हैं। थाना कोतवाली देवास में अपराध क्रमांक 160/25.03.2026 धारा 309 (4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बकायादारों पर कुर्की-तालाबंदी, कार्रवाई से पहले की वसूली

# नगर निगम की सख्ती: सीलिंग के डर से बड़े बकायदारों, कंपनियों ने जमा की बड़ी रकम

निगम द्वारा औद्योगिक इकाइयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, मॉल, भवनों और मैरिज गार्डनों पर की गई कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वित्तीय वर्ष 31 मार्च के समापन को देखते हुए नगर निगम ने राजस्व वसूली में तेजी ला दी है। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम को बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम द्वारा औद्योगिक इकाइयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, मॉल, भवनों और मैरिज गार्डनों पर कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई की जा रही है।

#### कार्रवाई से पहले जमा हुई लाखों की राशि

निगम की सख्ती का असर यह रहा कि तालाबंदी से पहले ही कई कंपनियों ने अपना बकाया कर जमा कर दिया। इसमें सुदर्शन डिकॉन ने 2 लाख, गजरा गियर्स कंपनी ने 7 लाख, एमपी एग्रो बीआरके ने 1.30 लाख, गंगोत्री फ्लेक्सी ट्यूब ने 2 लाख, डीआर होटल ने 3 लाख, अनिक मिल्क ने 75 लाख, विध्याचंल स्कूल ने 30 लाख और अनामय स्कूल ने 1.50 लाख रुपए जमा किए। इसके बाद भी जिन बकायादारों ने कर जमा नहीं किया, उनके खिलाफ निगम की टीम ने कुर्की और तालाबंदी की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान श्री हरि गार्डन (8 लाख), शेख नायता जमात खाना (8 लाख), मिलन रेस्टोरेंट (1 लाख), एमपी रूई भंडार (58 हजार), गायत्री टाइल्स (2.37 लाख), वार्ड 40 में गफ्फार (11.05 लाख), शमाबी (58 हजार) और कासम (63 हजार) पर



बकाया होने पर प्रतिष्ठानों को सील किया गया।

#### रविवार को भी जारी रही कार्रवाई

नगर निगम की टीम ने रविवार को भी अभियान जारी रखा। मक्सी चौराहे स्थित सांवरिया रेस्टोरेंट (1.50 लाख), भोपाल रोड वेयरहाउस (4.50 लाख), सुविधा गैस एजेंसी और अनमोल टिंबर कंपनी (2.15 लाख) ने तालाबंदी से पहले ही बकाया जमा किया। वहीं एनिकश कंपनी पर 3.55 लाख की बकाया राशि होने पर उसे सील किया गया।

#### लगातार जारी रहेगी सख्ती

राजस्व विभाग के उपायुक्त दीपक पटेल, देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, अनुभूति श्रीवास्तव सहित टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च के बाद भी बकायादारों के खिलाफ कुर्की और



तालाबंदी की कार्रवाई जारी रहेगी। निगम आयुक्त दलीप कुमार ने करदाताओं की सुविधा के लिए रविवार को भी संपत्तिकर और जलकर के काउंटर खुले रखने की जानकारी दी। साथ ही बकायादारों से अपील की है कि वे समय पर कर जमा कर अप्रिय कार्रवाई से बचें।

# खेतों में नरवाई जलाने पर सख्त कार्रवाई: दो किसानों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

### तहसीलदार और टीम ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों तथा मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी निषेधात्मक निर्देशों का उल्लंघन करते हुए खेतों में गेहूँ की नरवाई (पराली) जलाने वाले दो किसानों के विरुद्ध जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की गई है।

28 मार्च को तहसीलदार पूजा भाटी, पटवारी अखिलेश मालवीय तथा कृषि विस्तार अधिकारी शिवचरण सोलंकी के संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा ग्राम बैरागढ़ (उज्जैन मार्ग) में भ्रमण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को बिना अनुमति अवैध रूप से खेतों में नरवाई जलाते हुए पाए गए। पुलिस थाना सिविल लाइन, देवास में भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धारा 223(ए) के तहत दो आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। दल द्वारा बताया गया कि दयाराम पिता चेना 0.49 हेक्टेयर, ओमप्रकाश पिता भेरूसिंह रकबा 0.67 हेक्टेयर में पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज की गई। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेष (नरवाई) को किसी भी स्थिति में न जलाएं। नरवाई जलाना न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी स्थायी रूप से नुकसान पहुँचाता है। इससे मिट्टी में उपस्थित सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, कार्बनिक पदार्थ की मात्रा कम हो जाती है तथा भूमि की उत्पादक क्षमता घट जाती है। किसानों को सूचित किया जाता है कि नरवाई प्रबंधन के लिए कई बेहतर एवं सरकारी सहायता प्राप्त विकल्प उपलब्ध हैं।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सृष्टि ने तैराकी प्रतियोगिता में जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



छत्तीसगढ़ में आयोजित हो रहे 25 से 28 मार्च के पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश की प्रतिभावान तैराक खिलाड़ी सृष्टि वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। सृष्टि ने 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में अपनी तकनीकी कुशलता और गति का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक अपने नाम किया। मध्यप्रदेश तैराकी अकादमी की खिलाड़ी सृष्टि वर्मा ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले के बीच यह उपलब्धि हासिल की। सृष्टि की उपलब्धि पर विधायक गायत्री राजे पवार, विक्रमसिंह पवार, देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मदनलाल कहार, सचिव अनिल श्रीवास्तव, साफ्टबॉल एसोसिएशन के मनोज राजानी, राजीव श्रीवास्तव, तीरंदाजी एसोसिएशन के निरंजन यादव, हैण्ड बॉल की ओर से भरत वर्मा, खेल विभाग की और से जिला खेल अधिकारी सेना गाडरिया, जावेद पठान, चंद्रपालसिंह सोलंकी, हेमेन्द्र निगम, संजय पाटिल, पवन यादव, अरूण कुशवंशी, विक्रम अवार्डी रागिनी चौहान, प्रशिक्षक सौरभ कहार आदि ने शुभकामनाएं दी।

### खेल रहे बच्चों से पड़ोसी ने की मारपीट

**देवास।** शहर के बीएनपी थाना क्षेत्र अंतर्गत जमना नगर में रविवार को क्रिकेट खेल रहे बच्चों से मारपीट का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। एफआईआर में फरियादी द्वारा उल्लेख किया गया है कि उनके घर की छत पर चार बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। खेलते समय गेंद पड़ोस में रहने वाले संजय बैरागी के घर में चली गई। जब बच्चे गेंद लेने के लिए गेट खोलकर अंदर गए, तो कथित आरोपी ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। एक बच्ची को को गाल पर कई थप्पड़ मारे गए और बैट से उसके पैर पर वार किया गया। बच्चों को थप्पड़ भी मारे, जबकि एक बच्चे को बैट से कूल्हे पर मारा गया। बच्चों ने बताया कि आरोपी ने उन्हें धमकी दी कि यदि दोबारा गेंद उसके घर में आई तो वह उन्हें जान से खत्म कर देगा।

### जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने शर्मा

**देवास।** जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की साधारण सभा में रविवार को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। प्रकिया में खातेगांव विधायक आशीष शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। एसोसिएशन के अन्य पदों पर भी सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया।नई कार्यकारिणी में अनिल सिकरवार और हेमेंद्र निगम को उपाध्यक्ष, अनवर खान को सचिव तथा विशाल शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संदीप जाधव और निशा मालवीय संयुक्त सचिव चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मेहसर अली, सुनील मालवीय, नफीस खान, अश्विनी जाधव, शुभम यादव और आयुष गगुरड़े को शामिल किया गया है।

# राम जन्मोत्सव पर कमलापुर थाना परिसर में सुंदरकांड और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कमलापुर



थाना कमलापुर परिसर में शनिवार शाम सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में नवागत बागली एसडीओपी संजय सिंह बैस, कमलापुर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा द्वारा भगवान हनुमानजी की पूजा अर्चना की गई। इस धार्मिक आयोजन में संगीतमय सुंदरकांड पाठ और सुंदर भजनों की प्रस्तुति हुई।भजन जिन्हें दाम चाहिए.. उन्हें दाम दीजिए...मुझे राम चाहिए मुझे राम दीजिए ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बेड़ामऊ के प्रसिद्ध गायक कलाकारों द्वारा सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रस्तुत किया गया।

भक्ति रस में डुबे श्रोता भाव विभोर होकर झुमते नजर आए और जय श्री राम के उद्घोष से थाना परिसर गुंज उठा। इस क्षेत्र के आमजन की उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम मे हाटपिपल्या थाना प्रभारी दीपक यादव, शिक्षक रामचंद्र जाट, अधिवक्ता प्रवीण चौधरी, महेंद्र पाटीदार, संदीप यादव, कुणाल चौधरी, रवि पाटीदार, श्याम सिंह राजपूत गिरधर परमार, कालू गुर्जर, शुभम गोस्वामी, राजेश बेनीवाल, तेज सिंह सेंधव, धर्मेन्द्र सेन्धव आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के पश्चातक्ष एसडीओपी बैस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने सभी की उपस्थिति में एक जन संवाद का आयोजन भी किया गया। जन संवाद में कहा कि पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत द्वारा जिले भर में चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियानों के व्यापक सराहन हो रही है उनकी सक्रिय कार्य शैली ने आम जन में कानून के प्रति विश्वास मजबूत किया है। वही अपराधियों पर कानून का भय भी स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है जिले में शांति और सुकून स्थापित करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है इसी कड़ी में गांव चौपाल अभियान के कमलापुर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने कहा की वाहन चलाते समय सावधानी बरतना चाहिए। उन्हेंने की हेलमेट का अनिवार्य उपयोग ऑपरेशन त्रिनेत्रम महावीर योजना एवं कैशलेस स्वास्थ्य योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

# कई सालों से अटकी नगर परिषद के एल्डरमैनों की हुई नियुक्ति, मंत्री, कुमावत, लोधी व यादव बने एल्डरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में एल्डरमैनो की नियुक्ति पर भाजपाइयों में हर्ष का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त एल्डरमैनो का स्वागत किया। कई सालों से अटकी एल्डरमैन नियुक्ति के लिए सभी उम्मीदवार अपने अपने स्तर पर प्रयास कर रहे थे वहीं नियुक्ति के भी कयास लगाए जा रहे थे परन्तु रविवार सुबह-सुबह अचानक हुई नियुक्ति से सभी अचंभित रहे गए, जिसमें नगर परिषद भौरासा में क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर द्वारा आपसी समन्वय बनाया गया जिसमें प्रदीप मंत्री, नरबत सिंह यादव,मुकेश कुमावत, मुरारीलाल लोधी की नियुक्ति हुई, जिसमें संपूर्ण नगर में हर्ष का माहौल हुआ। नगर परिषद



एल्डरमैन की हुई नियुक्ति के उपरांत सभी नवनियुक्त एल्डरमैनो का भाजपा पदाधिकारी ओर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस पर क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर,भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव,मंडल अध्यक्ष टीना अनिल चावड़ा का आभार माना। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल, नरेंद्र माली, हिम्मत सिंह ठाकुर, कल्लू ठाकुर,पार्षद छोटेलाल लोधी, बद्रीलाल लोधी, गोवर्धन बोडाना, राजेश लोधी, अश्विन जायसवाल, प्रदीप ठाकुर, अजबसिंह धाकड़, राजा वर्मा के साथ आदि भाजपाई कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर संगठन का आभार माना।

### कलेक्टर की उपस्थिति में पत्र सूचना कार्यालय का वार्तालाप कार्यक्रम संपन्न

# योजनाओं की जागरूकता ही योजनाओं के लाभ की पहली सीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास






योजनाओं के विषय में सही जानकारी होना आम जन में उसके प्रति जागरूक होना सरकार के कार्यक्रमों और योजनाओं के लाभ की पहली सीढ़ी है। जागृति के माध्यम से ही हम इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं जिनके लिए सरकार हमेशा प्रयास करती रहती है। उक्त विचार देवास में शनिवार को आयोजित वार्तालाप कार्यक्रम में अतिथियों ने व्यक्त किए।वार्तालाप कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अपने उद्बोधन में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा आम जन के हित में उनके कल्याण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। यह योजनाएं कृषि, स्वास्थ्य ,ग्रामीण विकास ,सिंचाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में संचालित की जा रही हैं। वार्तालाप जैसे कार्यक्रम मीडिया के माध्यम से इन योजनाओं और कार्यक्रमों की ज्यादा से ज्यादा जागृति पैदा कर आम जन के हित का काम करते हैं। अपने उद्बोधन में सुरेश सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मध्य ई सेवा पोर्टल द्वारा आम जन को घर बैठे योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जा रहा है । कलेक्टर ने प्रधानमंत्री राहत योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने कहा कि दुर्घटना के मामलों में यह योजना घायल व्यक्ति के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अपने स्वागत उद्बोधन में पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का मीडिया के माध्यम से जागृति पैदा कर बड़े वर्गों को उनका लाभ देना ही इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन मध्य प्रदेश के विभिन्न अंचलों और जिलों में आयोजित किए गए हैं। कार्यक्रम में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरुण सेन ने कहा कि सरकार आम जन की कल्याण के लिए अनेक योजनाएं न सिर्फ बनाती है बल्कि उनका क्रियान्वयन भी करती है ।इन योजनाओं की ठीक से जानकारी न होने के कारण अथवा जागृति की कमी के कारण बड़ी संख्या में आमजन इनका लाभ नहीं उठा पाते हैं।अतः समाज का अभिन्न अंग होने के नाते हमारा प्रयास होना चाहिए कि अपने प्रयासों से हम ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इन कार्यक्रमों की जानकारी मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचा सके। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में कृषि, स्वास्थ्य ,और ग्रामीण विकास से संबंधित जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आयुष्मान योजना, कृषि, कल्याण से संबंधित योजनाएं वीबी जी राम जी सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी दी ।माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के व्याख्याता परेश उपाध्याय ने कम्युनिटी रेडियो के बारे में बताया। उन्होंने कम्युनिटी रेडियो के लाभ और यह किस प्रकार से शुरू किया जा सकता है, इसके बारे में जानकारी दी ।कार्यक्रम में पीआईबी भोपाल के सहायक निदेशक अजय प्रकाश उपाध्याय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों द्वारा जागरूकता से संबंधित किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया कार्यक्रम का संचालन सूचना और प्रसारण मंत्रालय के शाखा कार्यालय इंदौर के सहायक प्रचार अधिकारी दिलीप सिंह परमार ने किया।

# अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग ने की कार्रवाई, शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

शनिवार को आबकारी विभाग की टीम द्वारा हाटपिपल्या एवं कमलापुर क्षेत्र में ढाबों होटलों पर चेकिंग कर कार्यवाही की गई।

कार्रवाई में 50 बियर, 155 देशी मदिरा प्लेन एवं 10 पाव विदेशी शराब बरामद की गई। कार्यवाही में कुल 06 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए है। जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 19325 रुपये है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे आबकारी उपनिरीक प्रेम यादव, अरविंद सोलंकी, आरक्षक राजेश जोशी, अरविंद, गीतेश, आशीष गुप्ता, सुरेंद्र, सैनिक अनिल सम्मिलित रहे।

## खबर संक्षेप

### मेले में युवक पर पथराव गंभीर हालत में झांसी रेफर

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम छिल्ला में मेले के दौरान एक युवक पर पथराव कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नछल्ला निवासी रेखा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 मार्च की शाम करीब 6 बजे उनके पति लल्लू सिंह शीतला माता मंदिर पर लगे मेले में गए थे। इसी दौरान गांव के ही भीकम पुत्र मुलायम लोधी ने गाली-गलौज करते हुए उनके पति पर पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में लल्लू सिंह को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। परिजनों द्वारा घायल को इलाज के लिए पहले ललितपुर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी भीकम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### फरार आरोपी को पुलिस ने भोपाल से दबोचा

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन तथा एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे व सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। आरोपी शादाब हुसैन (23) निवासी भोपाल को 28 मार्च को दबिश देकर पकड़ा गया।

### अरिहंत विहार में रत्नत्रय विधान

**विदिशा।** नव निर्माणाधीन श्री नेमीनाथ जिनालय, अरिहंत विहार में वेदी एवं शिखर शिलान्यास के प्रथम दिवस भव्य शोभायात्रा एवं श्री रत्नत्रय विधान का आयोजन हुआ। शोभायात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसमें महिलाएं 150 कलश सिर पर धारण कर एवं जिनवाणी के साथ शामिल हुईं। मार्ग में साधर्मियों ने रंगोली सजाकर श्रीजी की आरती से मंगल स्वागत किया। नवीन मंदिर स्थल पर श्रीजी का अभिषेक पूजन एवं ध्वजारोहण संपन्न हुआ। मेरठ से पधारे विद्वान मनीष शास्त्री ने प्रवचन में जिन प्रतिमा, शास्त्र और आत्मानुभूति का महत्व बताया। प्रतिष्टाचार्य पंडित अभिनंदन के निर्देशन में वेदी एवं शिखर स्थल की शुद्धि विधि सम्पन्न हुई। 29 मार्च को स्वर्ण, रजत व कांस्य शिला से शिलान्यास होगा तथा हीरक जयंती विशेषांक पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा।

### शोभायात्रा निकालकर मनाई गई रामनवमी


**शमशाबाद।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, सूर्य नगर प्रखंड द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर शोभायात्रा एवं आकर्षक चल समारोह का निकाला गया। पूरे नगर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला संयोजक सपन दिलेरिया, जिला सह संयोजक जितेंद्र दांगी, जिला सुरक्षा प्रमुख हर्ष राजपूत, प्रखंड अध्यक्ष लोकेश साहू, प्रखंड सह संयोजक रितिक कुशवाह, प्रखंड गोरक्षा प्रमुख लोकेश विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष संजय मेहर, प्रदीप कुशवाह, नगर मंत्री तनिष जैन, नगर गोरक्षक यशपाल राजपूत, बिट्टू शर्मा सहित प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

### चित्रकला में ओलंपस हाई के वेदांश प्रथम

**विदिशा।** सांची यूनिवर्सिटी ऑफ बुद्धिस्ट इंडिक स्टडीज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई स्कूल के कक्षा 10 के छात्र वेदांश विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन सांची में किया गया, जिसमें सांची, विदिशा, रायसेन, भोपाल, सीहोर और सलामतपुर स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की थीम 'आध्यात्मिक स्पर्श—प्राचीन अतीत की महिमा और वर्तमान भारतवर्ष; उसकी उपलब्धियाँ और चुनौतियाँ' रही।

आवश्यक वस्तुओं के वाहनों पर लगी पाबंदियों के विरोध में प्रदर्शन

# बसों पर रोक व जाम से भड़क गए व्यापारी, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट नगर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था, मुख्य मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण और बसों व आवश्यक वस्तुओं के वाहनों पर लगी पाबंदियों के विरोध में स्थानीय व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा। नगर उद्योग व्यापार मंडल, सराफा समिति एवं अन्य व्यापारी संगठनों ने संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और क्षेत्राधिकारी (सीओ) को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले प्रशासन के साथ हुई बैठक के बाद यात्री बसों के चालान शुरू कर दिए गए और आवश्यक वस्तुओं के वाहनों के नगर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। इस निर्णय से झांसी-ललितपुर मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मालवाहक वाहनों के न आने से दुकानों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में बसों में यात्रियों के साथ हो रही अभद्रता का मुद्दा भी उठाया गया। व्यापारियों का आरोप है कि बस यूनियन से जुड़े कुछ अराजक तत्व तालबेहट के यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार और गुंडागर्दी कर रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। व्यापारियों ने मांगों को उठाते हुये बताया कि यात्री बसों का पूर्व की भांति सुचारू संचालन बहाल किया जाए, खाद्य सामग्री व किराना के वाहनों को नगर में प्रवेश की अनुमति दी जाए, यात्रियों से अभद्रता करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो, मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाकर जाम की समस्या समाप्त की जाए। भारी वाहनों पर नो एंट्री नियम का सख्ती से पालन कराया जाए। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान गजेन्द्र त्रिपाठी उर्फ सुनील बाबा, प्रमिलराज जैन, काली, आशीष त्रिपाठी, नरेन्द्र कुमार, लवकुश, राघवेन्द्र गुप्ता, राकेश चौरसिया, मनोज कुमार, रामपाल झां, सुभाषचंद्र, स्वदेश, मुकेश कुमार रजक, अनिल साहू, संदीप अवस्थी, कल्लू बिलगैंया, शरद कुमार, हुकुम प्रजापति, सिद्धार्थ त्रिपाठी, कुलदीप साहू, विनय साहू, चक्रेश कुमार के अलावा बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

**वाहनों को नगर में प्रवेश की अनुमति दी जाए**

सिमरधा में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

# खेत पर मजदूरी और थ्रेसिंग को लेकर भिड़े, महिला-बच्चों समेत कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना पाली के ग्राम सिमरधा में शनिवार को खेत पर काम करने और थ्रेसिंग की बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी चले। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम पक्ष की सीमा देवी पत्नी दुष्यंत सिंह का आरोप है कि शनिवार सुबह उनके खेत पर काम करने वाले मजदूर राजेश को गांव के ही अभिमन्यु, बृजेश और निहाल ने काम पर आने से मना कर दिया। जब सीमा देवी ने इसका विरोध किया, तो तीनों आरोपी उनके घर में घुस आए और उनकी 16 वर्षीय बेटी मीनाक्षी, पति दुष्यंत और अन्य बच्चों (मोहिनी व वीर प्रताप) के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोप है कि जब बेटी मोहिनी घटना का वीडियो बनाने लगी, तो निहाल ने उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के बृजेश कुमार पुत्र श्री नारायन सिंह का कहना है कि वह सुबह करीब 10 बजे थ्रेसिंग के काम के सिलसिले में एक ग्रामीण से बात कर रहे थे, तभी दुष्यंत उर्फ मुकेश ने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। बृजेश का आरोप है कि दुष्यंत की पत्नी सीमा देवी, पुत्र वीर प्रताप और बेटियाँ मोहिनी व मीनाक्षी लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर आ गए और हमला बोल दिया। इस हमले में निहाल के पैर में कुल्हाड़ी लगने से और अभिमन्यु के सिर में लाठी लगने से गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि दुष्यंत ने अपने नाबालिग बेटे से उन्हें गोली मरवाने की धमकी दी है।

# महिला से छेड़छाड़, अश्लील टिप्पणी कर फोटो वायरल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महरौनी थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से छेड़छाड़, गाली-गलौज और फोटो वायरल कर बदनाम करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मार्च 2026 की रात करीब 8 बजे वह घर पर अकेली थीं। उसी दौरान गांव का ही राधेलाल उनके घर पहुंचा और बुरी नीयत से उनका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर वह घर के अंदर चली गईं और दरवाजा बंद कर लिया। आरोप है कि राधेलाल ने दरवाजे पर लात मारते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। बाद में घटना की जानकारी मिलने पर दूसरे आरोपी राजकुमार ने फोन पर भी अश्लील बातें करते हुए धमकी दी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों द्वारा उसकी फोटो सोशल मीडिया पर गलत और अशोभनीय टिप्पणियों के साथ वायरल कर दी गई।

ऑनलाइन ठगी की वारदात

# खाते से 6.89 लाख रुपए पार अपराधियों की तलाश तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महरौनी क्षेत्र में एक युवक के बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा करीब 6.89 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित को इसकी जानकारी काफी देर बाद हुई, जिसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुंडा निवासी सुरेश कुमार साहू, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत हैं, का भारतीय स्टेट बैंक शाखा महरौनी में खाता संचालित है। उनके खाते में वेतन जमा होता है। पीड़ित के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करते हुए पहले 5 रुपये निकाले गए, जिसके बाद 4,90,000 रुपये निकाल लिए गए। अगले दिन 24 दिसंबर 2025 को फिर से 5 रुपये निकाले गए और इसके बाद 1,90,000 रुपये तथा 4,439 रुपये खाते से पार कर लिए गए। पीड़ित को इन ट्रांजैक्शन की कोई जानकारी नहीं हुई। 27 मार्च 2026 को जब वह बैंक में पैसे निकालने पहुंचे, तब खाते में कम राशि देखकर उन्हें ठगी का पता चला। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पूरी घटना सामने आई। मामले में पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रास्ता रोककर युवक व उसकी पत्नी से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ग्राम ककरुवा में रास्ते के विवाद को लेकर एक युवक और उसकी पत्नी के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम विरधा निवासी रिजवान पुत्र इसराइल खान ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह बीते 25 मार्च को दोपहर करीब 03.30 बजे अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से ससुराल ग्राम ककरुवा जा रहे थे। आरोप है कि जब वे गांव के रास्ते में थे, तभी ग्राम ककरुवा निवासी देवी सिंह पुत्र मज्जू राजा ने अपनी ट्रैक्टर सड़क के बीच में खड़ी कर उनका रास्ता रोक लिया। रिजवान का कहना है कि जब उन्होंने ट्रैक्टर को किनारे करने का अनुरोध किया, तो आरोपी देवी सिंह ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी से रिजवान पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें शरीर में कई चोटें आईं। इस दौरान मोटरसाइकिल पर बैठी उनकी पत्नी के साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की गई। जाते-जाते आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के संबंध में पीड़ित ने 28 मार्च को थाना नाराहट में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी देवी सिंह के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है।

**आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी**

### जमीन के विवाद में महिला और उसके परिजनों को पीटा

**ललितपुर।** थाना तालबेहट के अंतर्गत ग्राम खांदी मजरा हुडडा में जमीन के पुराने विवाद को लेकर एक महिला और उसके परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही चार दबंगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खांदी निवासी बबीता कुशवाहा पत्नी स्व. पुष्पेंद्र कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार (27 मार्च) की शाम करीब 7.30 बजे वह अपने ससुर के साथ खेत से काम करके घर वापस लौट रही थीं। जैसे ही वे गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास पहुँचे, वहां पहले से घात लगाए बैठे हरीराम, जयराम पुत्रगण दुर्जन, पुष्पेन्द्र और सोनी पुत्रगण जयराम ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि विपक्षीगण पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़िता और उनके ससुर ने विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में पीड़िता और उनके ससुर को काफी चोटें आई हैं। शोर सुनकर जब ग्रामीण बचाव के लिए दौड़े, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# वाहन की टक्कर से युवक घायल, पैर में फ्रैक्चर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कटरा बाजार निवासी सुरेश सराफ ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके भाई वीरेन्द्र जैन 18 मार्च की रात करीब 10.20 बजे घंटाघर स्थित अपनी दुकान पर थे। इसी दौरान एक अज्ञात चार पहिया वाहन चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वीरेन्द्र जैन गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 125(बी) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही है।

- **टक्कर मारने के बाद चालक फरार**

# श्रीहनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां पूरी, जिम्मेदारियां सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक बैठक समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में समिति उपाध्यक्ष राजेश दुबे के आवास पर संपन्न हुई, जिसमें हनुमान जयंती पर्व को लेकर समस्त पदाधिकारी व सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बताया गया कि एक अप्रैल को श्रीसुंदर काण्ड रात्रि 8 बजे से व रात्रि 12 बजे से जन्मोत्सव, 2 अप्रैल गुरुवार सुबह 7 बजे से भव्य श्रृंगार दर्शन हवन पूजन व प्रसाद वितरण विशाल शोभायात्रा शाम 4.30 बजे से तुवन मंदिर से आरंभ होगी, जो कि अपने निर्धारित मार्ग सदर कांटा, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, सावरकर चौक, घंटाघर होते हुए तुवन मंदिर पर समापन होगा। 3 अप्रैल शुक्रवार व 4 अप्रैल शनिवार को संगीतमय अखंड रामायण पाठ, 5 अप्रैल रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के नृत्य एवं गायन 6 अप्रैल सोमवार कवि सम्मेलन, 7 अप्रैल मंगलवार को भजन संध्या, परशुराम अवस्थी द्वारा शाम 7 बजे से 8 अप्रैल श्रीसत्यनारायणजी की कथा के साथ समापन होगा। इस दौरान समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, रमेश कुमार रावत, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, संयोजक जगदीश पाठक, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौड़, मंत्री राकेश तामिया, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, मुन्नालाल त्यागी, शुभम कौशिक, के.के. साहू, आदि उपस्थित थे।

# अवैध देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 45 क्वार्टर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 मार्च को नेहरूनगर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित कौशिक पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति हीरो एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल से अवैध देसी शराब लेकर फौजपुरा रोड की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम बुढवार फौजपुरा रोड पर चेकिंग शुरू कर दी। कुछ ही देर में संदिग्ध मोटर साइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अरविंद यादव पुत्र धनुषराम यादव निवासी ग्राम बुढवार थाना कोतवाली ललितपुर बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक प्लास्टिक के थैले में रखी 45 क्वार्टर (200 एमएल) अवैध देसी शराब (रसभरी ब्रांड) बरामद हुई। आरोपी से शराब रखने का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया जा सका। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया तथा उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 60/72 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला आज

# 100 अधिकारी व 125 महिलाएं सीखेंगी आपदा प्रबंधन के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनपद में आपदा जोखिमों को कम करने और क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से एक दिवसीय वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 मार्च 2026 को सुबह 10.30 बजे से शहर के कल्याण सिंह सभागार में आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के वार्षिक कैलेंडर 2025-26 के निर्देशों के क्रम में इस प्रशिक्षण का मुख्य विषय आपदा जोखिम न्यूनीकरण में आपदा प्रबंधन से संबंधित क्षमता संवर्धन रखा गया है। इसका मुख्य लक्ष्य सरकारी तंत्र और जनभागीदारी के माध्यम से आपदाओं के समय होने वाले नुकसान को कम करना है। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विभागों के लगभग 100 अधिकारी और 125 महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य प्रतिभाग करेंगी। प्रशिक्षण में पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि, सिंचाई, जल निगम, रेलवे, और राजस्व विभाग सहित जनपद के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। एडीएम द्वारा जारी पत्र में समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, खण्ड विकास अधिकारियों और अन्य विभागीय अध्यक्षों को निर्देशित किया गयाउपस्थिति सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम की सूचना जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य विकास अधिकारी को भी दी गई है।

द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा संपन्न का आयोजन किया

# सादगी से याद किए गए वरिष्ठ पत्रकार कीर्तिशेष पं.सुरेंद्र नारायण शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




प्रेस क्लब के तत्वावधान में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) की अध्यक्षता में स्थानीय अमर शहीद पं. श्रीगणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब के पूर्व संरक्षक कीर्ति शेष वरिष्ठ पत्रकार पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रेस क्लब संरक्षक मण्डल के सदस्यों के साथ प्रेस क्लब के पदाधिकारियों सहित उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों ने पं.सुरेन्द्र नारायण शर्मा के चित्र को नमन कर माल्यार्पण किया, एवं श्रद्धा सुमन के साथ अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रेस क्लब संरक्षक मण्डल के सदस्यों व प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों ने नम आंखों से उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणा पुरुष की संज्ञा दी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि परम श्रद्धेय पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा जीवन पर्यन्त पत्रकारिता के मूल उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहे उनकी निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता से हमेशा गरीब, असहाय, वंचित लोगों को न्याय दिलाने में सहायक सिद्ध हुई, जनपद के उत्थान और विकास में उनके बहुमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, प्रेस क्लब संरक्षक के रूप में उन्होंने अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया, वह पत्रकारों की एकता और उनकी समस्याओं के प्रति सदैव संघर्षरत रहे, उनके श्रेष्ठ आदर्श और विचार युवा पीढ़ी के लिए आज भी प्रासंगिक हैं। तत्पश्चात जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में भी श्रद्धांजलि सभा के पश्चात, उनकी पुण्यतिथि पर गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के लिए भोजन व्यवस्था सुनिश्चित रूप से कराई गई। आयोजित श्रद्धांजलि सभा का सफल संचालन प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी ने किया। इस दौरान अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू), वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन (कल्लू), कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह (पाली), कार्यालय प्रभारी अजीत जैन (भारती), पूर्व महामंत्री अजय बरया, पूर्व महामंत्री सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, मंजीत सिंह सलूजा, सुनील शर्मा, डा.राजेश शर्मा, बृजमोहन संज्ञा, सिद्धार्थ शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा एड., पूर्व कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार, दिनेश संज्ञा, अभय श्रीमाली, बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू, संजय ताम्रकार, डा.रविन्द्र मोहन संज्ञा, राहुल जैन नवभारत, अशोक स्वर्णकार, भगवत नारायण श्रोती, आलोक चतुर्वेदी, प्रदीप रिछारिया, कृष्णकांत सोनी, राजेश श्रीवास्तव, जयेश बादल, बृजेश पंथ, भरत रावत, हरीशंकर अहिरवार, राजेश कुमार राठौर, नीतेश जैन बंटी, अमित लखेरा, अजितेश जैन भारती, शिब्बू राठौर, अमित संज्ञा, मनीष कुमार शर्मा, रामकिशोर विश्वकर्मा, अर्पित वासु शर्मा, आर्या शर्मा, यशपाल सिंह परमार, विनोद मिश्रा, सूरज सिंह राजपूत, सुरेन्द्र सपेरा, राजकुमार कुशवाहा, सुरेन्द्र कुमार सेन, फूलचंद्र रजक, रामप्रसाद सिंह, अर्जुन झां, भगवान सिंह के अलावा अनेक पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### सभी सामाजिक प्रतिष्ठान रहे बंद, अखाड़े में शामिल कलाकारों ने दिखाए करतब

# झांकियों के साथ पुष्पद समाज ने भव्यता से निकाली शोभायात्रा





नगर में स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत, अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

माली, पुष्पद समाज द्वारा अपने आराध्य भगवान राम का जन्मोत्सव शनिवार को धूमधाम एवं शोभायात्रा के साथ मनाया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी यह चल-समारोह नेवज तट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से आरंभ हुआ, जो गाजे-बाजे एवं ढोल-ढमाकों के साथ नाका नंबर-3, मेन मार्केट, जय स्तंभ चौक, किला क्षेत्र, पुरा होते हुए बड़ा हनुमान मंदिर पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना उपरान्त चल-समारोह बमबम आश्रम के नजदीक स्थित समाज की धर्मशाला पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान स्थान-स्थान पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा पुष्पवर्षा से समाजजनों का स्वागत, अभिनंदन किया गया। जिमसें समाज के सभी महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग शामिल हुए।

#### समाज के युवाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

चल-समारोह और शोभायात्रा में प्रमुख आकर्षण का केंद्र अखाड़ा रहा। अखाड़े में शामिल समाज के युवाओं ने लट्ठबाजी, तलवारबाजी सहित कई हैरतअंगेज करतबों से लोगों का दांतो तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। चल-समारोह में सुरक्षा के लिहाज से टीआई मंजू मखेनिया और कोतवाली थाने का बल साथ चल रहा था।

#### भगवान राम की झांकी भी रही आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में भगवान राम, सीता, जानकी, हनुमान का रूप धरे बच्चों की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही भगवान की एक अलग झांकी भी साथ चल-रही थी। अनेकों महिलाएं, बालिकाएं भी शोभायात्रा में उत्साह के साथ सम्मिलित हुई एवं भगवान के भजनों पर नृत्य किया।

#### समूचे प्रतिष्ठान रहे बंद

आयोजन के लिए समाजजनों की एकजुटता भी नजर आई। समाज के सभी प्रतिष्ठान संचालकों ने सुबह से अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखी ताकि आधिकाधिक जन शोभायात्रा में शामिल हो सके। धर्मशाला में कई सामाजिक आयोजन संपन्न हुए जहां आगामी आयोजनों की रूपरेखा बनाते हुए वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। आयोजन में समाज पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सामाजिक उत्थान और समाज को और कैसे आगे ले जाया जा सकता है, बालिका शिक्षा, कुरीतियों के उन्मूलन सहित अन्य विषयों पर अपने-अपने उद्गार व्यक्त किए। संपूर्ण आयोजन पूरे अनुशासन, सु-व्यवस्थाओं के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभीजनों को प्रसाद स्वरूप भोजन करवाया गया।

### लापरवाह ठेकेदारों के निरस्त होंगे टेंडर

# नगर पालिका राजगढ़ में 127 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से हुआ पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर पालिका की साधारण सभा का विशेष सम्मेलन शनिवार को नपा के सभागार में संपन्न हुआ। विधायक अमरसिंह यादव की मौजूदगी में हुए सम्मेलन में 127 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। यह बजट 73 लाख के लाभ का बजट बताया जा रहा है।

सम्मेलन में नगर पालिका परिषद के सभी पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि, नगर पालिका की विभिन्न शाखों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। उक्त विशेष सम्मेलन में बजट के साथ ही विकास कार्यों से जुड़े कई अहम निर्णय भी लिए गए हैं। प्रमुख निर्णय यह रहा कि नगर के सभी वार्डों में प्रस्तावित जिन विकास कार्यों के टेंडर लेकर संबंधित ठेकेदार या एजेंसियां काम शुरू नहीं कर रही है यदि उन्होंने 15 दिन मे कार्य शुरू नहीं किया तो टेंडर निरस्त कर दिए जाएंगे। बैठक में विधायक ने जल शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि मुझे अक्सर शिकायत मिल रही हैं की कहीं-कहीं नियमित जल सप्लाई नहीं हो पा रही है इसके साथ ही कुछ वार्डो मैं सफाईकर्मी भी अपने कार्य निर्माण में लापरवाही बरत रहे हैं। विधायक ने अल्टीमेटम दिया की अब मुझे कहीं से कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

#### इंस्पेक्टर से छीने सभी बड़े दायित्व

समेलन में शिकायत मिली की नगर पालिका का इंस्पेक्टर कार्यों में लापरवाही बरत रहा है। वहीं आमजनों के प्रति भी व्यवहार ठीक नहीं है। इस पर संबंधित इंस्पेक्टर से दायित्व वापस लेने के निर्देश दिए गए।

## मंदिर प्रांगण की समस्याओं को लेकर समिति ने मंत्री से की मुलाकात



**सारंगपुर।** सुदर्शन नगर माता मंदिर समिति के सदस्यों ने शनिवार को राज्य मंत्री गौतम टेटवाल से मुलाकात कर मंदिर प्रांगण में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान समिति द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु एक आवेदन दिया गया। समिति ने मांग रखी कि मंदिर परिसर में बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, साथ ही बारिश के पानी की उचित निकासी के लिए नाली बनाई जाए। इसके अलावा प्रांगण में बने गड्ढों की भराई कर पेवर्स लगाने, मंदिर परिसर स्थित कूप (कुएं) की सफाई एवं रिचार्जिंग कराने तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से कूप के ऊपर ढक्कन लगवाने की भी मांग की गई। इस दौरान मंत्री गौतम टेटवाल ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ एक माह के भीतर पूर्ण कराया जाएगा।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर फूलमाली समाज ने नगर में निकाला भव्य चल समारोह

### 6 अखाड़े के साथ विमान और श्रीराम की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



**सारंगपुर।** फूलमाली समाज द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर शनिवार को नगर में चल समारोह निकाला गया। इसके पूर्व शाम को नगर के माली समाज के सभी राम मंदिरों में कथा का आयोजन किया गया और शनिवार को प्रत्येक मोहल्ले से आंखाड़ों के साथ चल समारोह निकाला गया। जिसमें अखाड़े में सर्वप्रथम महावीर बजरंग अखाड़ा मोहल्ला भेरुदरवाजा बादलीपुर हनुमान अखाड़ा बागकुआं टंकी पछेटवाडी अखाड़ा बालाजी अखाड़ा मोहल्ला मुकेरवाडी पवन पुत्र अखाड़ा मोहल्ला खारिया श्री बजरंग अखाड़ा मोहल्ला कीड़ी के अखाड़े के पहलवानों द्वारा हैरत अंग्रेज करतब दिखाए। जिनके कारनामों पर पहलवानों ने खूब दाद बटोरी।

#### पुलिस प्रशासन ने की चाक चौबंद व्यवस्था



एडिशनल एसपी केएल बंजारा के नेतृत्व में एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा के द्वारा मुस्तैदी से चाक चौबंद व्यवस्था की गई और शांतिपूर्वक चल समारोह निकाला गया।

#### श्रीराम की आकर्षक झांकी और डोल रहे आकर्षण का केंद्र

चल समारोह में प्रमुख रूप से श्रीराम लक्ष्मण हनुमान जी की झांकी सहित आकर्षक डोल ताशे आदि आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति, शिव प्रेमी मित्र मंडल, ब्लॉक शहर कांग्रेस, भैया जी मित्र मंडल, ब्राह्मण समाज, जैन समाज, राठौर समाज, बजरंग दल, भाजपा मंडल, महादेव मित्र मंडल, साईं सेवा समिति, वाल्मीकि समाज, सोनी समाज सहित अनेक हिंदू संगठन समाजसेवियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं हिन्दू उत्सव समिति ने अखाड़ों के उस्तादों का स्वागत कर ढाल तलबार भेंट की तो कांग्रेस भाजपा मंडल ने समाज के उस्तादों पहलवानों और समाज के पदाधिकारी का साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान फूलमाली समाज जिला पंचायत जिला अध्यक्ष सकल पंचायत अध्यक्ष शिवानारायण काका, धनसिंह पुष्पद,रवि पुष्पद, प्रेमनारायण पुष्पद, कैलाश भगत, केसी वर्मा,जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद,जिला उपाध्यक्ष गोपाल पुष्पद जिला प्रवक्ता लोकेश पुष्पद विनोद पुष्पद सहित अन्य का स्वागत किया। वहीं विशेष रूप से चल समारोह में मंत्री गौतम टेटवाल हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष धूरव भल्ला, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय सहित अन्य मौजूद रहे।

### व्यवस्थाओं में सुधार के दिए आवश्यक निर्देश

# पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली थाने का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न थानों की व्यवस्थाओं में सुधार के साथ ही पुलिसिंग को ज्यादा प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए प्रयास चल रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार को राजगढ़ कोतवाली थाने का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी तोलानी ने थाना प्रभारी मंजू मखेनिया को परिसर के पीछे खड़े अनेकों वाहनों को वहां से हटाकर अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना परिसर व्यवस्था और आकर्षक होना चाहिए। इसके साथ ही अभिलेखों के शीघ्र डिजिटाईजेशन के निर्देश उन्होंने दिए। साथ ही क्षेत्र के गुडा, हिस्ट्रीशीटरों, व्यक्तियों के फोटो नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शन करने कहा।

#### थाने में फरियादियों को न हो कोई असुविधा

पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि थाना परिसर में फरियादियों व अन्य के बैठने हेतु पर्याप्त बेंच आदि के साथ ही छाया एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही नियमित साफ-सफाई एवं सौंद्रर्यीकरण करवाने की बात भी उन्होंने कही। एसपी ने कहा कि थाने आने वाले फरियादियों को सहज एवं सम्मानजनक वातावरण मिलना चाहिए। एसपी के इस निरीक्षण में डिजिटल रिकार्ड सिस्टम, स्वच्छमता, जनता के हित से जुड़ी सुविधाओं में बढ़ोतरी, त्वरित शिकायत निवारण के बिन्दु प्रमुखता से शामिल रहे।

# नगर में 94 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में नगरीय प्रशासन की विशेष निधि से वार्ड 5 एवं 9 में 94 लाख 45 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट कंक्रीट सड़क 1200 मीटर के लंबे मार्ग का भूमिपूजन शनिवार को विधायक मोहन शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि कुरावर को ग्राम पंचायत से नगर परिषद में परिवर्तित कर विकास की नई दिशा दी गई है। पहले जहां विकास कार्य नगण्य थे, वहीं अब नगर में लगातार निर्माण कार्य हो रहे हैं। साथ ही आगे भी कुरावर के समग्र विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।




विधायक ने बताया कि जल्द ही पार्वती नदी पर डैम निर्माण की योजना साकार होगी, जिससे सिंचाई से वंचित गांवों तक पानी पहुंचेगा और कुरावर नगर की पेयजल समस्या का भी समाधान होगा। साथ ही वर्तमान में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत घर-घर पानी नहीं पहुंच पाने पर चिंता जताई।उन्होंने सभी दलों के पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार का राजनीतिक मतभेद नहीं होना चाहिए और सभी को मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम को पार्षद प्रतिनिधि डॉ. रविंद्र मीणा एवं मोहन वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, रामसाय जामलिया, नंदकिशोर पटेल, घनश्याम गर्ग, लक्ष्मण सिंह राणा, कैलाश मंडलोई, राधेश्याम पचवारिया, गोविंद मालवीय, महेश भावसार, आत्माराम पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री रामेश्वर नायक, लखन राजपूत, कैलाश सागवालिया, जनपद सदस्य मनीष नगर, पार्षद मुनीम बद्रीलाल कुशवाह, अनिल दरबार, रमेश मालवीय, राजू मीणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# अखंड ज्योति एवं सेवा संस्थान ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खोले प्याऊ



**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था अखंड ज्योति शिक्षा एवं सेवा संस्थान सुठालिया की पहल जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की गई। संस्थान सचिव ओपी गोस्वामी सहित सभी सदस्यों ने मिलकर सेक्टर लखनवास अंतर्गत गंगाहोनी ,लोधीपुरा प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में जल मंदिर (प्याऊ) खोले गए। मिट्टी मटके, कैन और टंकी गिलास, मग्गे रखकर राहगीरों को ग्रीष्म ऋतु में पेय जल उपलब्ध कराना अभियान का मुख्य उद्देश है। जन के श्रम सहयोग से मंदिर परिसर में सफाई कार्य करते हुए जल मंदिर की संख्या बढ़ाने,रोपणी तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। कर्यक्रम में उपस्थित सरपंच रघुवीर लोधा लोधीपुरा, सीताराम, भरतसिंह लोधा, गौरव लववंशी, संतोष नामदेव सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नौकुंडीय महायज्ञ का कन्या भोज के साथ हुआ समापन



**सारंगपुर।** गायत्री परिवार द्वारा नवरात्र पर्व पर आयोजित गायत्री मंत्र जाप एवं नौ कुंडीय महायज्ञ का शनिवार को पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु एवं उपासकों ने भाग लेकर धार्मिक लाभ प्राप्त किया। गायत्री शक्ति पीठ, गांधी चौक सारंगपुर में प्रतिदिन हवन-पूजन एवं मंत्र जाप का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर पूर्णाहुति के साथ कन्या भोज एवं भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। गायत्री परिवार के स्थानीय प्रमुख डॉ. के.के. मिश्रा ने बताया कि संस्था के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण एवं 'गर्भ संस्कार' जैसे सामाजिक-आध्यात्मिक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गायत्री परिवार का संदेश भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों तक पहुंच रहा है, जहां भारतीय संस्कृति एवं वसुधैव कुटुंबकम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा। इस दौरान प्रज्ञाचार्य प्रभा पालीवाल, रेखा दुबे सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बंटी राठौर, पुजारी राम पालीवाल, हीरालाल पालीवाल, श्याम जोशी, संजय सौलंकी, अनिल गुप्ता, प्रमोद जोशी, सुनील दीक्षित, ट्रस्टी दिलीप रावतिया, संजय शर्मा, श्याम राठी, पंडित ललित पालीवाल, महेश पाटीदार, मनोज सोनी, कैलाश चंद्र शर्मा, गोपाल वैद्य, गुंजन सोनी, मांगीलाल पाटीदार, सतीश राठौर, संदीप शर्मा, माखनसिंह यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नगर के 11 बालाजी मंदिर की गिरिराज भक्त मंडल करेगा दंडवत परिक्रमा



**जीरापुर।** नगर में पहली बार अनोखे तरीके से हनुमान जन्मोत्सव गिरीराज भक्त मंडल द्वारा मनाया जाएगा। भक्त मंडल के सभी सदस्यों द्वारा बालाजी की आराधना साधना भक्ति रस में रत होकर दंडवत परिक्रमा करके हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। यह परिक्रमा 26 मार्च से नगर के हटीले हनुमान मंदिर आवास कालोनी से शुरू हुई जो नगर के विभिन्न 11 हनुमान मंदिर पर होते हुए वापस हटीले हनुमान मंदिर पहुंचेगी। भक्तों ने बताया कि यह आयोजन बाबा नीम करौली जी महाराज के आशीर्वाद से किया जा रहा है।

#### दंडवत परिक्रमा का यह रहेगा मार्ग

दंडवत परिक्रमा प्रातः 8बजे हटीले हनुमान मंदिर से शुरू होगी, जो श्रीराम मंदिर आवास कॉलोनी, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, पुलिस थाना परिसर, बालाजी मंदिर बुधवारिया बाजार, हनुमान मंदिर किशनगढ़, बाग वाले बालाजी परोलिया रोड, खांड़ी वाले बालाजी पिपल्दा रोड़, गोप चौहान जी महाराज स्थित बाग वाले बालाजी मंदिर, संकटमोचन हनुमान मंदिर बस स्टैंड, बाल हनुमान मंदिर पुरानी कोर्ट, चामुण्डा माता मंदिर बालाजी महाराज से होती हुई वापस हटीले हनुमान मंदिर पहुंचेगी। जहां पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा।

### हिन्दू उत्सव समिति कर रही समूची तैयारी

# हनुमान जन्मोत्सव की शोभा बढ़ाएगा पानीपत हरियाणा के प्रसिद्ध दिलेर खालसा अखाड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 2 अप्रैल को राजगढ़ मुख्यालय पर मनाया जाने वाले हनुमान जन्मोत्सव इस बार कुछ खास होने जा रहा है। रामभक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर प्रतिवर्षानुसार निकलने वाले चल-समारोह के लिए हिन्दू उत्सव समिति ने इस बार पानीपत हरियाणा के प्रसिद्ध दिलेर खालसा (निहंग अखाड़े) को आमंत्रित किया है। देश भर में प्रसिद्ध यह ग्रुप कई टीवी शो में अपनी प्रस्तुतियां दे चुका है वहीं अनेक रिकार्ड भी इसके नाम पर दर्ज हैं। करीब 18 सदस्यों वाले दिलेर खालसा ग्रुप की प्रस्तुतियों को देखने नगरवासियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

#### चल-समारोह के साथ रहेगी हनुमानजी की प्रतिमा

हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष हर्षांत इंग्ले ने बताया कि चल-समारोह के लिए भगवान हनुमान की मिट्टी की एक आकर्षक प्रतिमा भी बनवाई जा रही है। परम्परानुसार मनकामनेश्वर मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना उपरान्त अखाड़े के साथ चल-समारोह आरंभ होगा जो मुख्य मार्गों से होता हुआ शाम तक पुरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त होगा। इस बीच स्थान-स्थान पर अखाड़े के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

#### नगर में अन्य आयोजन भी होंगे

हनुमान जन्मोत्सव पर उक्त चल-समारोह के साथ ही नगर में अन्य आयोजन भी होंगे। मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ के साथ ही भंडारों, प्रसादी का आयोजन करवाए जाने वाले हैं।

## राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में ओलंपस हाई के वेदांश प्रथम, 5000 का पुरस्कार मिला



**विदिशा।** सांची यूनिवर्सिटी ऑफ बुद्धिस्ट इंडिक स्टडीज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई स्कूल के कक्षा 10 के छात्र वेदांश विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन सांची में किया गया, जिसमें सांची, विदिशा, रायसेन, भोपाल, सीहोर और सलामतपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की थीम 'आध्यात्मिक स्पर्श—प्राचीन अतीत की महिमा और वर्तमान भारतवर्ष; उसकी उपलब्धियाँ और चुनौतियाँ' रही। 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग में वेदांश ने उत्कृष्ट चित्रांकन के आधार पर प्रथम स्थान हासिल कर 5000 की नकद राशि प्राप्त की। वहीं विद्यालय के छात्र ज्ञानेश गोस्वामी ने चतुथ स्थान प्राप्त कर 500 का सांत्वना पुरस्कार जीता। इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।